पंजाब केसरी 04/04/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की असिस्टैंट प्रो. यशवी शर्मा इंटरनैशनल एकैडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2026 से सम्मानित

अम्बाला, 3 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल (जी.एम.एन.) कॉलेज, अम्बाला कैंट के समाजशास्त्र विभाग की असिस्टैंट प्रो. यशवी शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यशवी शर्मा को उनकी उत्कृष्ट शोध प्रतिभा के लिए इंटरनैशनल एकैडमिक एक्सीलैंस अवार्ड-2026 के अंतर्गत यंग रिसर्चर अवार्ड से नवाजा गया है।

प्रो. यशवी शर्मा।

यह प्रतिष्ठित सम्मान भाग्य श्री फाऊंडेशन फॉर एकैडमिक रिसर्च एंड डैवल्पमैंट, धनबाद द्वारा गवर्नमैंट बिलासा गर्ल्स पोस्ट ग्रैजुएट ऑटोनॉमस कॉलेज, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया गया। यह अवार्ड एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार, नीति आयोग, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के तहत पंजीकृत संस्था द्वारा शैक्षणिक और शोध क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले विद्वानों को दिया जाता है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने यशवी शर्मा को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह न केवल समाजशास्त्र विभाग, बल्कि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शर्मा की यह सफलता अन्य युवा शोधकर्त्ताओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यशवी शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, संस्थान के सहयोग और अपने निरंतर परिश्रम को दिया है। कॉलेज के विभिन्न विभागों के अध्यक्षों और अन्य स्टाफसदस्यों ने भी उन्हें इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।